बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
BSEIDC
(A Govt. of Bihar Undertaking)
ISO 9001:14001; OHSAS 18001
Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasha Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna - 800 004
Tel. No. : 0612 - 2660850 • Fax No. : 0612 - 2660256
E-mail : bseidc@gmail.com • Website : http://www.bseidc.in • CIN : U80301BR2010SGC015859

# कार्यालय आदेश

संख्याः– 84 दिनांकः– 09/06/2022

निगम के द्वारा विभिन्न निर्माणाधीन भवनों के पर्यवेक्षण एवं गुणवतापूर्ण कार्य संपादित करने हेतु **M/S Rounak Construction & Consultancy.** 197, I.A.S. Colony, Kidwaipuri, Patna, Pin-800001 को **Supervision Consultant** नियुक्त किया गया था, परन्तु यह पाया गया कि **DIET, Sasaram के भवन निर्माण में घोर अनियमितता बरती गयी।** दिनांक–08.04.2021 को अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण निगम के तकनीकी दल के साथ किया गया था, जिसमें कार्य की गुणवता असंतोषजनक पायी गयी थी एवं कार्य मानक विशिष्टयों के अनुरूप संपादित नहीं किया जा रहा था। **Supervision Consultant** को निदेशित किया गया था कि एकरारनामा के अनुरूप मानक विशिष्टयों के अनुसार ही कार्य कराया जाए, ताकि सरकारी राशि का पूर्ण उपयोग हो। तत्पश्चात तत्कालीन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अभियंता के द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया था तथा गुणवता के साथ कार्य संपादित करने का निदेश दिया गया था। दिनांक–24.04.2022 को अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, मुख्य अभियंता एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता के साथ निर्मित भवन का पुनः निरीक्षण किया गया। यह पाया गया कि भवन निर्माण में बड़ी लापरवाही बरती गयी है। मुख्य अभियंता के द्वारा नवनिर्मित भवन का विस्तृत निरीक्षण किया गया, उनके निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार योजना में घोर अनियमितता बरती गयी है, जो निम्न प्रकार है:–

- भवन के बाहरी दीवारों पर **Acrylic smooth exterior paint** का प्रावधान है। **Acrylic paint** मद के लिए एकरारनामा में रू० 6,86,066/– की राशि प्रावधानित है। परन्तु उसके स्थान पर **Distemper** किया हुआ पाया गया। अन्दर के दीवारों पर **Distemper** का प्रावधान है, किन्तु दीवारों पर किये गये **Distemper** का गुणवत्ता सही प्रतीत नहीं होता है।
- **Flooring** में एकरारनामा के अनुसार **Marble** का कार्य किया जाना है परन्तु अधिकांश जगहों पर **Marble** विशिष्टयों के अनुरूप नहीं होने के फलस्वरूप **Marble Crack** पाया गया। **Marble** का घिसाई का कार्य भी नहीं किया गया है साथ ही **Flooring** कार्य का **Level** सही नहीं पाया गया।
- दरवाजों एवं खिड़कियों में **Fitting Accessories** लगाने के बाद **Paint** किया गया था। फलस्वरूप सारे **Accessories** पर **Paint** लगा हुआ पाया गया जो **poor workmanship** को दर्शाता है एवं उक्त वर्णित **Accessories** एकरारनामा में वर्णित विशिष्टियों के अनुरूप नहीं पाया गया यथा **Aluminium fitting** के स्थान पर **Steel fitting** लगा पाया गया। खिडकियों में **Locking arrangement** बहुत ही छोटा था जो विशिष्टियों के अनुरूप नहीं है।
- दरवाजे में कुछ जगहों पर तीन कब्जे के स्थान पर दो ही पाया गया।
- **Bathroom fittings** एवं उसमें लगे हुए **Mirror** विशिष्टियों के अनुरूप नहीं पाया गया।
- छत के उपर **44 mm thick cement concrete flooring (1:2:4) with floating coat of cement slurry** प्रावधानित था। जो कई स्थानों पर टूटा हुआ पाया गया एवं छत का ढ़लाई **Proper level** में नहीं पाया गया।

भवन में बहुत जगहों पर **Electric & Plumbing fitting** टूटा हुआ पाया गया एवं खिड़की लगे हुए शीशा एवं **Aluminium** बीट बहुत जगहों पर टूटा पाया गया।

- शौचालय ब्लॉक के **Flooring** कार्य में भिन्न–भिन्न रंगों के **Tiles** का उपयोग किया हुआ पाया गया।
- छत के सतह पर **expansion joint** का कार्य में **Crack** पाया गया एवं **Vertical expansion joint covered** नहीं पाया गया।
- पुरूष एवं महिला **Urinal Automatic flushing** प्रावधान किया गया है जिसके लिए एकरारनामा में रू० 2,66,953/– की राशि प्रावधानित है। **Automatic flushing cistern** के साथ **Urinal** नहीं पाया गया एवं **Kitchen sink** गुणवतापूर्ण नहीं पाया गया।
- **Approach road** का **PCC casting** में **Oversize aggregate** का उपयोग किया गया है अर्थात् विशिष्टियों के अनुसार नहीं किया गया है।
- बालिका छात्रावास में भूतल पर स्थित कॉमन रूम के **Secondary roof beam** में **Horizontal bend** पाया गया।
- बालिका छात्रावास के **Plinth Level** तक कुछ भाग में **Outer Plaster Surface Proper Level** में नहीं पाया गया।
- उक्त भवन के दीवारों के कई स्थानों पर **Plaster** में **Diagonal crack** पाया गया। इसके अतिरिक्त भवन में कई स्थान पर **Seepage** पाया गया।
- बालिका छात्रावास के द्वितीय तल पर एक कमरे में लगभग 1 मीटर **Diameter** में **Ceiling Plaster** गिरा हुआ पाया गया, देखने से प्रतीत हो रहा था कि **6 mm thick ceiling plaster** के जगह पर **25 mm thick ceiling plaster** किया गया है।

उक्त के आलोक में **Supervision Consultant M/S Rounak Construction & Consultancy.** से निगम कार्यालय पत्रांक–BSEIDC/TECH/966/2022-3531, दिनांक–06.05.2022 द्वारा स्पष्टीकरण **E-mail** एवं डाक द्वारा प्रेषित किया गया, किन्तु स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर अप्राप्त रहा। अतएव स्पष्ट है कि **Supervision Consultant** के विरूद्ध लगाये गये आरोप उन्हें स्वीकार्य है।

अतएव 41वीं निदेशक पर्षद की बैठक के एजेंडा संख्या–12/41 के निर्णयानुसार BSEIDC द्वारा प्रख्यापित ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2012 के शर्तों में दण्ड के प्रावधान के क्रम संख्या–1 (C) के आलोक में संवेदक **Supervision Consultant M/S Rounak Construction & Consultancy.** प्रतिष्ठान के निबंधन को दस वर्षों के लिए कालीकृत करने का निर्णय लिया जाता है, साथ ही जमा Security Deposit की राशि रू० 30,76,747/–(तीस लाख छिहत्तर हजार सात सौ सैतालीस रू०) को जब्त किया जाता है।

अनुलग्नकः–यथोपरि।

ह०/–
**प्रबंध निदेशक**
BSEIDC, पटना

ज्ञापांकः— BSEIDC/TECH/966/2022- 4425 दिनांकः— 09/06/2022

प्रतिलिपिः— M/S Rounak Construction & Consultancy. 197, I.A.S. Colony, Kidwaipuri, Patna, Pin-800001 को सूचनार्थ प्रेषित।

9/6/22

प्रबंध निदेशक
BSEIDC, पटना

(असंगबा चुबा आओ)
MD, BSEIDC Ltd.
Patna

बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A Govt. of Bihar Undertaking)
ISO 9001:14001; OHSAS 18001
Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasha Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna - 800 004
Tel. No. : 0612 - 2660850 • Fax No. : 0612 - 2660256
E-mail : bseidc@gmail.com • Website : http://www.bseidc.in • CIN : U80301BR2010SGC015859

## कार्यालय आदेश

संख्या:- 49

दिनांक:- 11/04/2022

दिनांक– 15.03.2022 को आयोजित 41वीं निदेशक पर्षद की बैठक के एजेंडा संख्या– 12 / 41 के निर्णयानुसार बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०, पटना में प्रख्यापित ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2012 के शर्तों में दण्ड का प्रावधान संन्निहित किया गया, जो निम्नवत् है :–

दण्ड का प्रावधान

| क्र० सं० | कदाचार | कालीकरण की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | एकरारनामा एवं विहित विनिर्देश के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक | |
| | (a) कार्य एकरारनामा को Rescind किये जाने पर। | दस वर्षों के लिए कालीकृत |
| | (b) किये गये कार्य की गुणवता असंतोषजनक रहने एवं कार्य एकरारनामा को Rescind किये जाने पर। | पंद्रह वर्षों के लिए कालीकृत |
| | (c) एकरारनामा के एक से अधिक शर्तो का उल्लंघन तथा इस संबंध मे सूचना एवं चेतावनी देने के बावजूद भी अपेक्षित सुधार नही लाने पर। | दस वर्षों के लिए कालीकृत |
| | (d) संवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये अंतरित अथवा चालू विपत्र में Fraud पाये जाने पर। | दस वर्षों के लिए कालीकृत |
| | (e) Defect Liability Period (DLP) में निर्मित योजनाओं का विहित संधारण नही किये जाने पर। | दस वर्षों के लिए कालीकृत |
| 2. | संबंधित पदाधिकारी या कर्मचारी को अभित्रासित करने या उनपर हमला करने के लिए। | दस वर्षों के लिए कालीकृत |
| 3. | ठेकेदार द्वारा सरकारी सामान जैसे सिमेंट, स्टील एवं अलकतरा इत्यादि बेचते हुए पाये जाने पर | दस वर्षों के लिए कालीकृत |
| 4. | ठेकेदार द्वारा निविदा प्राप्त करने के लिए गलत अग्रधन या प्रतिभूति राशि एवं गलत कागजात समर्पित करने पर। | दस वर्षों के लिए कालीकृत |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | एक से अधिक बार कार्य आवंटित होने पर निश्चित अवधि तक एकरारनामा नहीं करना। | दस वर्षों के लिए कालीकृत |
| 6. | किसी अपराधिक गतिविधि में सजायापता होने पर। | दस वर्षों के लिए कालीकृत अथवा न्यायालय द्वारा संसूचित सजा की अवधि जो अधिक हो। |
| 7. | ठेकेदार द्वारा अपना कार्य किसी दूसरे ठेकेदार अथवा किसी व्यक्ति को बिना विभागीय आदेश के सौंपने पर (सबलेटिंग)। | पाँच वर्षों के लिए कालीकृत |
| 8. | पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–4104 (ई०), दिनांक–28.10.2009 की उत्तरवर्ती कंडिका के आलोक में यथा प्रावधानित "एक से अधिक उपबंधित कदाचारों में संलिप्त पाये जाने पर"। | पन्द्रह वर्षों के लिए कालीकृत |

बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि०, पटना के ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2012 के अन्य शर्तें यथावत् रहेंगे।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।**

ह०/–
**प्रबंध निदेशक**
BSEIDC, पटना

ज्ञापांकः– BSEIDC/ADMIN/31(Part-III)/2011- दिनांकः–
प्रतिलिपिः–मुख्य अभियता/अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
**प्रबंध निदेशक**
BSEIDC, पटना

ज्ञापांकः– BSEIDC/ADMIN/31(Part-III)/2011-2807 दिनांकः– 11/4/2022
प्रतिलिपिः–महाप्रबंधक (प्रशासन)/महाप्रबंधक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)/कंपनी सचिव/वरीय लेखा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
BSEIDC, पटना